# जन्माष्टमी का पावन त्योहार, भर दे जीवन में खुशियां अपार







-फोटो लक्की भट्टी/ समर न्यूज़

## युवक को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए, फोन पर धमकी- 'आज सिर लेकर जाना है या देकर'

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

साहनेवाल इलाके में दूध कारोबारी के भाई सद्दाम हुसैन को कुछ युवकों की ओर से कथित तौर पर जबरन स्कॉर्पियो में बैठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद सामने आए सीसीटीवी फुटेज और दो वीडियो ने मामले की गंभीरता बढ़ा दी है। सीसीटीवी में कुछ युवक सद्दाम को पकड़कर जबरन स्कॉर्पियो में बैठाते और फिर गाड़ी लेकर मौके से जाते दिखाई दे रहे हैं।





पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सद्दाम की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में स्कॉर्पियो सड़क किनारे रुकती दिखाई देती है। इसके बाद कुछ युवक सदाम को पकड़कर गाड़ी की ओर ले जाते हैं और उसे धक्का देकर स्कॉर्पियो में बैठा लेते हैं। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो जाते हैं। दूसरे वीडियो में कुछ युवक स्कॉर्पियो के पास खड़े दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में पंजाबी गाना बज रहा है, जिसके बोल हैं- 'इक कहने उत्ते गोलियां चला दिंदे ने...।' एक युवक के हाथ में डंडा नजर आ रहा है, जबकि अन्य युवक गाड़ी से डंडे, फरसे और अन्य हथियार निकालते दिखाई दे रहे हैं। कुछ युवक मूंछों को ताव देते हुए दबंगई दिखाते भी नजर आ रहे हैं। परिजनों के अनुसार, सद्दाम के भाई बाग हुसैन को धमकी भरा फोन भी आया। कथित तौर पर आरोपी ने कहा कि वह साहनेवाल में है और मिलने आया है। इसके बाद धमकी देते हुए कहा- 'आज एक ही काम है, या तो सिर देकर जाना है या लेकर जाना है। इस जंगल में अब एक ही शेर राज करेगा।' आरोपी ने जेल या कब्र में जाने जैसी धमकियां देने का भी आरोप है। नवां गांव निवासी बाग हुसैन ने पुलिस को बताया कि 1 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे वह अपने भाई सद्दाम हुसैन (30) के साथ घर के पास प्लॉट में भैंस चरा रहा था। इसी दौरान कोटला अफगाना रोड की तरफ से स्कॉर्पियो नंबर पीबी32एच7411 पहुंची। गाड़ी में सवार युवकों ने सद्दाम को पकड़कर जबरन गाड़ी में डाल लिया। बाग हुसैन ने बताया कि उनकी या सदाम की किसी से कोई रंजिश नहीं है और अभी तक फिरौती की मांग भी नहीं की गई है। सद्दाम अपने भाई के साथ दूध बेचने का काम करता है और दो बच्चों का पिता है।

साहनेवाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर पम्मा मुस्तफा, आशिक अली, ताजदीन, लियाकत अली, जाकिर हुसैन, माम हुसैन, अरमान और मोहम्मद शरीफ को नामजद किया है। मामले में 4-5 अज्ञात लोगों का भी जिक्र है। पुलिस सीसीटीवी और वीडियो फुटेज की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## ईटी मनी कंपनी के नाम पर फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म, 73.25 लाख की साइबर ठगी

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब शेयर बाजार और आईपीओ में कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का लालच जगराओं के मंडी मुल्लांपुर निवासी बलविंदर सिंह को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने फेसबुक पर ईटी मनी कंपनी के नाम से फर्जी विज्ञापन देकर उन्हें अपने जाल में फंसाया और अलग-अलग बैंक खातों में किश्तों के रूप में कुल 73 लाख 25 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

रकम जमा करवाने के बाद आरोपियों ने फर्जी पोर्टल पर निवेश की राशि और मुनाफा बढ़ता हुआ दिखाया, लेकिन रकम वापस मांगने पर बहाने बनाकर टालते रहे। बलविंदर सिंह ने फेसबुक पर शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश से संबंधित विज्ञापन देखा था। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद आरोपियों ने उनसे मोबाइल के जरिए संपर्क किया और उनकी फर्जी आईडी बनाकर निवेश अकाउंट खोलने का भरोसा दिया। आरोपियों ने कम समय में कई गुना रिटर्न का लालच देकर अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा करवाई। कुछ समय बाद फर्जी अकाउंट में मुनाफा बढ़ता हुआ दिखाई दिया। जब बलविंदर ने अपनी मूल रकम और मुनाफा निकालना चाहा तो आरोपी लगातार कुछ दिन इंतजार करने की बात कहते रहे। रकम वापस न मिलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की इंचार्ज किरनदीप कौर और एएसआई जगरूप सिंह के अनुसार जांच में चार राज्यों से जुड़े आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान विशाल भारद्वाज (मध्य प्रदेश), जमुना देवी (राजस्थान), चंपा बोईर (पश्चिम बंगाल) और अचला चौकिस (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। पुलिस अब 73.25 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन ट्रेल खंगालने के साथ नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

## टिब्बा रोड की फैक्ट्री में छापा, प्यूमा के करीब 1200 लेबल और जैकेट बरामद किए



सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

टिब्बा रोड स्थित एक फैक्ट्री में नामी कंपनी के नाम पर कथित तौर पर नकली सामान तैयार किए जाने की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री से प्यूमा कंपनी के करीब 1200 लेबल और बड़ी संख्या में जैकेट बरामद किए गए।

रेड टीम को सूचना मिली थी कि फैक्ट्री में बड़े स्तर पर कंपनी के नाम और लेबल का इस्तेमाल कर सामान तैयार किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस को साथ लेकर फैक्ट्री में जांच की गई। करीब दो से ढाई घंटे चली कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद तैयार माल और अन्य सामान की बारीकी से जांच की गई। रेड टीम में शामिल रिंकल बेदी ने बताया कि जांच के दौरान बड़ी संख्या में जैकेट और प्यूमा के लेबल मिले हैं। बरामद सामान को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में करीब 1200 लेबल बरामद होने की बात सामने आई है।

रिंकल के मुताबिक, कुछ लोग कम गुणवत्ता वाले सामान पर नामी कंपनियों के लेबल लगाकर उसे बाजार में कम कीमत पर बेचने का प्रयास करते हैं। इससे संबंधित कंपनी की प्रतिष्ठा प्रभावित होने के साथ ग्राहकों के साथ भी धोखाधड़ी की आशंका रहती है।

## लुधियाना की रिजुल को कर्टिन यूनिवर्सिटी ने प्रदान की बैचलर ऑफ कॉमर्स की डिग्री



समर न्यूज़ | लुधियाना

कर्टिन यूनिवर्सिटी ने लुधियाना की रहने वाली छात्रा रिजुल को बैचलर ऑफ कॉमर्स (अकाउंटिंग एंड फाइनेंस) की डिग्री प्रदान की है। विश्वविद्यालय के आधिकारिक प्रमाणपत्र के अनुसार रिजुल ने डिग्री के लिए निर्धारित सभी आवश्यकताएं पूरी की हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि ग्रेजुएशन पैक में आधिकारिक पुरस्कार प्रमाणपत्र शामिल है। इसकी केवल एक मूल प्रति जारी की जाती है। रिजुल को ऑस्ट्रेलियन हायर एजुकेशन ग्रेजुएशन स्टेटमेंट और आधिकारिक अकादमिक ट्रांसक्रिप्ट भी उपलब्ध कराया जाएगा। ट्रांसक्रिप्ट में पाठ्यक्रम और प्राप्त परिणामों का विवरण दर्ज होगा। यूनिवर्सिटी ने एक विद्यार्थी को पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर आधिकारिक अकादमिक पुरस्कार प्रमाणपत्र जारी किया है। यह दस्तावेज योग्यता को अधिक स्पष्ट और दूसरे संस्थानों के लिए समझने योग्य बनाने के उद्देश्य से जारी किया जाता है। विश्वविद्यालय के अकादमिक रजिस्ट्रार प्रोफेसर जॉन योर्के की ओर से एक सितंबर को जारी पत्र में विद्यार्थी को बधाई दी गई है।

विद्यार्थी की आधिकारिक अकादमिक ट्रांसक्रिप्ट में पाठ्यक्रम, परिणाम और प्रदान की गई योग्यता का विवरण दर्ज होगा। विश्वविद्यालय ने स्नातक से अपने संपर्क विवरण जारी रखने व कर्टिन एलुमनी से जुड़े रहने की भी अपील की है।

## बिजली कटों से पंजाब की इंडस्ट्री बेहाल भाजपा सड़कों पर उतरेगी : रजनीश धीमान

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब के औद्योगिक क्षेत्रों में 4 से 5 घंटे के अघोषित बिजली कटों को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी



सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की चेतावनी दी है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री रजनीश धीमान ने आरोप लगाया कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण पहले से आर्थिक मंदी की मार झेल रही पंजाब की इंडस्ट्री को रोजाना करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

धीमान ने कहा कि बिजली की समस्या का सबसे अधिक असर कंटीन्यूअस प्रोसेस इंडस्ट्रीज पर पड़ रहा है। अचानक बिजली बंद होने से मशीनों और भट्टियों में चल रहा लाखों रुपये का कच्चा माल खराब हो जाता है। इससे उत्पादन रुकने के साथ उद्योगों की लागत बढ़ रही है और समय पर तैयार माल की सप्लाई करना भी मुश्किल हो रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि बिजली संकट केवल उद्योगपतियों की समस्या नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर लाखों मजदूरों और कामगारों की रोजी-रोटी पर पड़ रहा है। उत्पादन रुकने से फैक्ट्रियों में काम प्रभावित होता है और श्रमिकों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। रजनीश धीमान ने मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार पंजाब में नए निवेश लाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन प्रदेश में पहले से चल रही इंडस्ट्री को निर्बाध बिजली जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध करवाने में भी नाकाम साबित हो रही है।

उन्होंने सवाल किया कि जब मौजूदा उद्योग ही बिजली संकट से परेशान हैं तो नए निवेशक पंजाब में निवेश करने से पहले क्या सोचेंगे। उन्होंने मांग की कि औद्योगिक क्षेत्रों में अघोषित बिजली कट तुरंत बंद किए जाएं, बिजली आपूर्ति का स्पष्ट शेड्यूल जारी किया जाए और उद्योग संगठनों के साथ तत्काल बैठक कर उनकी समस्याओं का तत्काल व स्थायी समाधान किया जाए।

## युवती को धमकाकर पांच लाख की रंगदारी मांगने का आरोप

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

ऑनलाइन काम के दौरान संपर्क में आए एक युवक पर युवती और उसके परिवार को फोन पर धमकाकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगा है। परिवार का कहना है कि आरोपी की धमकियों से परेशान होकर उन्हें दो लाख रुपये देने पड़े, लेकिन इसके बाद भी उसने तीन लाख रुपये और देने का दबाव बनाया। मामले में थाना सदर पुलिस ने राजस्थान निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिवार के सदस्य ने बताया कि उसकी बहन रमनदीप कौर वर्ष 2025 में फॉरएवर प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी के साथ ऑनलाइन काम करती थी। इसी दौरान उसकी बातचीत हरविंदर सिंह से हुई थी। कुछ समय बाद परिवार ने रमनदीप का रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया। आरोप है कि इसके बाद हरविंदर सिंह ने उसे फोन करने शुरू कर दिए और परिवार को परेशान करने के साथ धमकियां देने लगा।

## पाकिस्तान बैठे हैंडलरों के इशारे पर सैन्य कैंप की निगरानी, 3 गिरफ्तार



सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लुधियाना पुलिस की सीआईए स्टाफ और काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल और कारतूस बरामद किया है।

एक आरोपी पाकिस्तान में बैठे अपने साथियों के संपर्क में था और उनके कहने पर सैन्य क्षेत्र के आसपास निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। पुलिस के अनुसार, इस मामले में 27 अगस्त को रशपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय कर्मजीत सिंह निवासी सरफकोट फतेहगढ़, जिला गुरदासपुर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में सामने आया कि उसने मिलिट्री कैंप बद्दोवाल के नजदीक फिरोजपुर रोड पर एक दुकान किराये पर ली थी। आरोप है कि पाकिस्तान में बैठे उसके साथियों के कहने पर दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इन कैमरों के जरिए वह खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों से जुड़ी जानकारियां पाकिस्तान भेजता था।

थाना सराभा नगर में 27 अगस्त को मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने रशपाल सिंह के कब्जे से दो सीसीटीवी कैमरे, एक वाईफाई बॉक्स, अडॉप्टर और मेमोरी कार्ड बरामद किया था। रशपाल सिंह से पूछताछ के बाद उसके तीन अन्य साथियों रोहित मसीह निवासी गांव जस्सड़, थाना रामदास, जिला अमृतसर, वरिंदर मसीह निवासी गांव जस्सड़ और अकासदीप सिंह निवासी गांव मलकपुर, तहसील अजनाला, जिला अमृतसर को नामजद किया था।

## आर्किटेक्ट बलबीर बग्गा के नेतृत्व वाली टीम ने जीता आईआईए चुनाव

समर न्यूज़ | लुधियाना

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए), लुधियाना सेंटर के वर्ष 2026–2028 के चुनाव में



आर्किटेक्ट बलबीर कुमार बग्गा के नेतृत्व वाली टीम ने शानदार जीत दर्ज की। चेयरपर्सन पद के चुनाव में आर्किटेक्ट बलबीर कुमार बग्गा को 67 वोट मिले, जबकि विपक्षी उम्मीदवार को 40 वोट प्राप्त हुए।

इस प्रकार बग्गा ने स्पष्ट बहुमत के साथ जीत हासिल की। नई टीम में आर्किटेक्ट बलबीर कुमार बग्गा चेयरपर्सन, आर्किटेक्ट निरंजन कुमार वाइस चेयरपर्सन, आर्किटेक्ट बलजीत सिंह मानद कोषाध्यक्ष और आर्किटेक्ट अंकुर भंडारी मानद सचिव चुने गए। कार्यकारी सदस्यों में आर्किटेक्ट अमित सैन्याल, आर्किटेक्ट शाम सुंदर गुप्ता, आर्किटेक्ट हृदय जग्गी, आर्किटेक्ट रुतुजा भोसाहेब देशमुख और आर्किटेक्ट तरसेम चंद गोयल शामिल हैं।

### मृतका सुखदेव कौर के शरीर को दिया दान, मरणोपरांत ही किया था संकल्प

## सास की अर्थी को दिया कंधा, बेटों की तरह निभाई बहुओं ने रस्म

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

प्रताप सिंह वाला की रहने वाली सुखदेव कौर की अंतिम विदाई समाज के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल बन गई। सुखदेव कौर के निधन के बाद जब घर से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई तो उनकी दोनों बहुओं मनप्रीत कौर और राजवीर कौर ने आगे से सास की अर्थी को अपने कंधों पर उठाया, जबकि दोनों बेटों यादविंदर सिंह और गुरविंदर सिंह ने पीछे से कंधा देकर अपनी मां को अंतिम विदाई दी।

बहुओं ने घर से कुछ दूरी तक अर्थी को कंधा दिया। इस दौरान परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों ने भी इसे भावुक कर देने वाला और समाज को सकारात्मक संदेश देने वाला कदम बताया। सुखदेव कौर ने करीब 10 वर्ष पहले ही मरणोपरांत अपना शरीर और आंखें दान करने का संकल्प लिया था। उन्होंने बाकायदा इसके लिए फॉर्म भरा था। परिवार की ओर से भी उनके इस फैसले पर सहमति जताते हुए एफिडेविट दिया गया था। उनका कहना था कि मृत्यु के बाद भी उनका शरीर और आंखें किसी के काम आ सकें तो इससे बेहतर सेवा और क्या हो सकती है।



**▪ हार्ट अटैक से हुई मौत, तुरंत अस्पताल को दी सूचना:** *बुधवार शाम सुखदेव कौर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उनके निधन के बाद बेटों यादविंदर सिंह और गुरविंदर सिंह ने बिना देरी किए डॉ. रमेश सुपरस्पेशलिटी आई एंड लेजर सेंटर से संपर्क किया और मां की आंखें दान करने की इच्छा के बारे में बताया। सूचना मिलने के बाद आई अस्पताल की टीम प्रताप सिंह वाला पहुंची और जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनकी आंखें प्राप्त कर लीं। अब उनकी आंखें जरूरतमंद दृष्टिहीन लोगों के जीवन में रोशनी लाने में मदद करेंगी।*

**▪ सत्संग के दौरान लिया था शरीरदान का संकल्प:** *परिवार के अनुसार सुखदेव कौर ने करीब दस वर्ष पहले एक सत्संग के दौरान मरणोपरांत शरीरदान करने का संकल्प लिया था। उन्होंने इसके लिए औपचारिक प्रक्रिया भी पूरी की थी। परिवार को भी उनके इस फैसले की जानकारी थी और सभी ने उनके निर्णय का सम्मान किया। निधन के बाद बेटों ने टीम से संपर्क कर मां की अंतिम इच्छा को पूरा किया।*

**▪ बहुओं ने अर्थी को कंधा देकर तोड़ी पुरानी मान्यता:** *धार्मिक रीति-रिवाज पूरे करने के बाद जब सुखदेव कौर की अंतिम यात्रा शुरू हुई तो उनकी दोनों बहुओं मनप्रीत कौर और राजवीर कौर ने अर्थी को आगे से कंधा दिया। दोनों बेटों ने पीछे से अर्थी को सहारा दिया। बहुओं का सास की अर्थी को कंधा देना वहां मौजूद लोगों के लिए भावुक पल था।*

**▪ फूलों से सजाई एंबुलेंस, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना:** *अंतिम यात्रा के बाद सुखदेव कौर के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक फूलों से सजाई गई एंबुलेंस में रखा गया। गांव प्रताप सिंह वाला के सरपंच गुरमेज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को हारमनी आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल, फिरोजपुर के लिए रवाना किया। सुखदेव कौर का पार्थिव शरीर हारमनी आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल, फिरोजपुर में मेडिकल छात्रों की पढ़ाई और शोध के काम आएगा। मेडिकल विद्यार्थी उनके शरीर के माध्यम से मानव शरीर की संरचना को समझने और विभिन्न बीमारियों से संबंधित अध्ययन व प्रैक्टिकल कर सकेंगे।*

## एफएंडसीसी की बैठक आज : ई-बस चार्जिंग से सड़क-पार्कों तक करोड़ों के कामों पर लगेगी मुहर

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम की वित्त एवं ठेका कमेटी (एफएंडसीसी) की शनिवार को होने वाली बैठक में शहर के विकास से जुड़े करोड़ों रुपए के प्रस्तावों पर चर्चा होगी। बैठक के एजेंडे में ई-बस डिपो के बिजली कनेक्शन, सड़कों के पैचवर्क के लिए सामग्री खरीद, पार्कों के निर्माण और मरम्मत से लेकर चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क के संचालन से जुड़े समझौते की अवधि बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मामले शामिल हैं। कमेटी की मंजूरी के बाद इन प्रस्तावों पर आगे की कार्रवाई शुरू होगी।

**▪ ई-बस डिपो के लिए 3600 किलोवाट कनेक्शन:** घोड़ा रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में ई-बस डिपो के चार्जिंग प्वाइंट के लिए 3600 किलोवाट बिजली कनेक्शन से संबंधित प्रस्ताव बैठक में रखा जाएगा। पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने सुरक्षा उपभोग शुल्क के रूप में करीब 21 लाख रुपए जमा करवाने की मांग की है। निगम इस राशि को जमा करवाने के लिए कमेटी से मंजूरी मांग रहा है। इससे पहले कनेक्शन से जुड़े विभिन्न शुल्कों के रूप में निगम करीब 6.53 लाख रुपए का भुगतान कर चुका है।

**▪ सड़कों के पैचवर्क के लिए 9.94 करोड़ की सामग्री खरीद:** नगर निगम के हॉट मिक्स प्लांट के जरिए शहर की सड़कों पर पैचवर्क करवाने के लिए बिटुमिन, इमल्शन और लाइट डीजल ऑयल खरीदने का करीब 9.94 करोड़ रुपए का अनुमान बैठक में रखा गया है। इसमें वीजी-30, वीजी-10 और आरएस-1 इमल्शन जैसी सड़क निर्माण सामग्री शामिल है। अधिकारियों के अनुसार बारिश के मौसम से पहले जरूरी सड़कों पर पैचवर्क करवाना आवश्यक है। वीजी-30 की उपलब्धता में परेशानी को देखते हुए उपलब्धता के अनुसार वीजी-10 खरीदने का विकल्प भी प्रस्ताव में रखा गया है।

**▪ चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क का एमओयू 2028 तक बढ़ाने की तैयारी:** मॉडल टाउन स्थित चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क को लेकर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ किए गए समझौते की अवधि दो वर्ष बढ़ाकर 31 जनवरी 2028 तक करने का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल है। कंपनी की ओर से पार्क में बच्चों के लिए ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम, रोड सेफ्टी ट्रेनिंग, महिला सेफ्टी राइडिंग ट्रेनिंग, होंडा राइडिंग ट्रेनर और व्यावहारिक सुरक्षा प्रशिक्षण जैसी गतिविधियां करवाई जा रही हैं। निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक कंपनी ने पार्क की स्थापना और विभिन्न सुविधाओं पर करीब 20 लाख रुपए खर्च किए हैं। पार्क की मूलभूत मरम्मत और रखरखाव भी समझौते के तहत कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

**▪ गोल मार्केट पार्क की मरम्मत पर 21.65 लाख:** वार्ड नंबर 51 के गोल मार्केट पार्क, मॉडल टाउन की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए करीब 21.65 लाख रुपए का अनुमान कमेटी के सामने रखा जाएगा। पार्क की सुविधाओं में सुधार और जरूरी मरम्मत के लिए यह राशि खर्च करने का प्रस्ताव है।

**▪ डेयरी कॉम्प्लेक्स में पार्क निर्माण पर 15.13 लाख:** वार्ड नंबर 64 के डेयरी कॉम्प्लेक्स में पार्क निर्माण से संबंधित करीब 15.13 लाख रुपए के प्रस्ताव पर भी कमेटी विचार करेगी। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद यहां विकास कार्य आगे बढ़ाने का रास्ता साफ होगा।

**▪ ओल्ड जीटी रोड पर टूटी ग्रिल व दीवार की मरम्मत:** वार्ड नंबर 89 में ओल्ड जीटी रोड पर पीएसपीसीएल कार्यालय के सामने लापता लोहे की ग्रिलें लगाने और दीवार की मरम्मत के लिए करीब 9.63 लाख रुपए का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया है। दस्तावेजों के अनुसार इस काम से करीब 1,000 लोगों को लाभ मिलने का अनुमान है।

**▪ कुछ काम मंजूरी की प्रत्याशा में आगे बढ़ाने की सिफारिश:** *एजेंडे में शामिल कई मामलों में अधिकारियों ने एफएंडसीसी की मंजूरी की प्रत्याशा में प्रक्रिया आगे बढ़ाने की सिफारिश की है। कुछ प्रस्तावों के साथ वित्तीय और तकनीकी जांच रिपोर्ट भी फाइल में लगाई गई है। वहीं कुछ मामलों में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में लंबित सीडब्ल्यूपी 20549/2026 में जारी निर्देशों के अधीन प्रस्ताव कमेटी के समक्ष रखने की बात भी स्पष्ट की गई है।*